15.09.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के लिए चालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया।

○ केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने कहा–सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए प्रतिबद्ध।

○ विश्व लोकतंत्र दिवस पर राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा–लोकतंत्र की मज़बूती के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा।

○ राज्य सरकार ने 222 आरएएस अधिकारियों के तबादले किये।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पूर्णिया जिले से बिहार के लिए चालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। इनमें नवनिर्मित पूर्णिया हवाई अड्डे का उद्‌घाटन और वहां से उड़ान सेवा की शुरूआत शामिल है। प्रधानमंत्री ने बिहार में राष्ट्रीय मखाना बोर्ड का भी शुभारंभ किया। उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र में भागलपुर के पीरपैंती में 2 हजार 400 मेगावाट की ताप विद्युत परियोजना की आधारशिला रखी। इसके अलावा कोसी–मेची अंतर–राज्यीय नदी लिंक परियोजना के पहले चरण की आधारशिला भी रखी गई। प्रधानमंत्री ने बिक्रमशिला और कटारिया के बीच रेल लाइन की आधारशिला रखी। श्री मोदी ने एक नई रेल लाइन का भी उद्‌घाटन किया, जो सीमांचल के अररिया और किशनगंज जिलों को जोड़ेगी। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार बिहार के लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए निरंतर काम कर रही है।

000

केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने कहा है कि सरकार समाज के सभी वर्गों का विकास करने और सबको न्याय देने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री अठावले आज जयपुर के सर्किट हाउस में प्रदेश के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत के साथ एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इसमें विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

उन्होंने बताया कि देशभर में प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत 56 करोड़ से ज्यादा खाते खोले गये हैं। इसमें राजस्थान में पौने चार करोड़ खाते शामिल हैं। वहीं प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत राजस्थान में दो करोड़ 34 लाख से ज्यादा लोग लाभान्वित हुए हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ने पिछड़े वर्गों के उत्थान और कल्याण के लिए कई योजनाएं ओर कार्यक्रम शुरु किए हैं जिनका फायदा समाज के अंतिम छोर तक पहुंचना चाहिये। बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री अठावले ने भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच पर विपक्ष की आलोचना को निराधार बताया और कहा की खेल में राजनीति नहीं होनी चाहिए।

000

प्रदेश में सुरक्षित सड़क मार्ग अभियान–सुसमा को जन अभियान के रूप में आगे बढ़ाया जाएगा। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज जयपुर में अभियान के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सभी सांसदों और विधायकों से अपील की जाएगी कि वे इसे अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से साझा करें। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों को रोकना और समझाना हर नागरिक का कर्तव्य है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ये केवल चालान का नहीं बल्कि जीवन की सुरक्षा का सवाल है।

उन्होंने सड़क सुरक्षा के लिए आमजन से भी जागरुकता अभियान में बढ़–चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया।

000

गौरतलब है कि सुसमा अभियान के दौरान प्रदेश के 1 हजार 97 संस्थानों में 4 लाख 18 हजार से अधिक विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इसमें करौली जिला पहले, सीकर दूसरे और डूंगरपुर तीसरे स्थान पर रहा।

000

उच्चतम न्यायालय ने वक्फ कानून पर रोक लगाने से इंकार किया है। हालांकि न्यायालय ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के कुछ प्रावधानों पर रोक लगा दी है। किसी व्यक्ति को अपनी संपत्ति वक्फ के रूप में समर्पित करने से पहले पांच साल तक मुस्लिम धर्म का पालन करने की आवश्यकता वाले खंड पर रोक लगाई गई है। अंतरिम आदेश की घोषणा करते हुए प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि यह खंड तब तक निलंबित रहेगा जब तक राज्य सरकारें ऐसी शर्तें निर्धारित करने के लिए नियम नहीं बना लेतीं। पीठ ने कहा कि पूरे कानून पर रोक लगाने का कोई मामला नहीं बनता है।

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है। श्री रिजिजू ने बताया कि सरकार ने इस कानून के पीछे के सभी तथ्य और तर्क न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए थे।

000

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने अगले साल होने वाली जनगणना के लिए प्रशासनिक इकाईयों का समय पर गठन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जनगणना–2027 की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव ने आज जयपुर में राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक ली। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल स्वरूप में होगी, जिससे तहसील और गाँव स्तर पर सटीक डेटा संकलित हो सकेगा। इस डेटा के विश्लेषण से विभिन्न विभाग अपनी योजनाओं और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन अधिक प्रभावी ढंग से कर सकेंगे।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा है कि लोकतंत्र की मज़बूती के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान सर्वोच्च है और इसमें विश्वभर के श्रेष्ठ सिद्धांतों को जगह दी गई है। राज्यपाल आज विश्व लोकतंत्र दिवस पर जयपुर के इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान में आयोजित भारतीय युवा संसद अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा देश के कर्णधार हैं और उन्हें "देश प्रथम" की सोच से काम करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से युवाओं की बौद्धिक और शारीरिक क्षमता को बढ़ाकर लोकतंत्र को मजबूत किया जा सकता है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि सरकार का ध्येय आमजन को त्वरित राहत देना और योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि पारदर्शी और जवाबदेह तंत्र से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। मुख्यमंत्री आज जयपुर में जनसुनवाई कर रहे थे। उन्होंने महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगों की समस्याएँ सुनीं और अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

000

कार्मिक विभाग ने आज एक आदेश जारी कर राज्य प्रशासनिक सेवा–आरएएस के 222 अधिकारियों के तबादले कर दिये हैं। 13 अधिकारियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। मोहन दान रतनू को मुख्यमंत्री का विशेषाधिकारी लगाया गया है। अशोक कुमार योगी को वन ओर पर्यावरण राज्य मंत्री के विशिष्ट सहायक के पद पर, दिनेश कुमार जांगिड़ को पशुपालन विभाग में और असलम शेर खान को अल्पसंख्यक मामलात विभाग में संयुक्त सचिव बनाया गया है। नरेंद्र कुमार बंसल को जयपुर ग्रेटर नगर निगम में

अतिरिक्त आयुक्त और आनंदीलाल वैष्णव को गृह विभाग में संयुक्त शासन सचिव का दायित्व दिया गया है। कई अतिरिक्त जिला कलक्टर ओर उपखंड अधिकारियों की भी बदली की गई है।

000

जीएसटी परिषद द्वारा किये गये सुधारों की श्रृंखला में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में भी करों में उल्लेखनीय कमी के माध्यम से आम आदमी को बड़ी राहत मिलेगी। परिषद ने आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी से संबंधित विभिन्न दवाओं पर कर की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी है। साथ ही, चिकित्सा, दंत चिकित्सा और पशु चिकित्सा संबंधी उपकरणों पर नई जीएसटी दरें पहले के 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई हैं। इसके अलावा, मेडिकल ग्रेड ऑक्सीजन पर भी टैक्स रेट में राहत दी गई है। दवाओं पर जीएसटी में कमी से अस्पतालों पर बोझ कम होने की उम्मीद है जिससे मरीजों, खासकर कम आय वाले परिवारों को लाभ होगा।

000

राज्य में मॉनसून इस बार समय से पहले विदा होना शुरू हो गया है। सीमावर्ती क्षेत्रों से मॉनसून लौट चुका है। मौसम विभाग के अनुसार लगातार चल रही उत्तर–पश्चिमी हवाएँ मानसून की विदाई के लिए अनुकूल माहौल बना रही हैं। मौसम शुष्क होने के साथ ही तापमान में भी बढ़ोतरी हो रही है। इस बीच, पिछले 24 घंटों में सवाईमाधोपुर, टोंक, जयपुर और दौसा जिलों में हल्की बरसात हुई। जयपुर के कई क्षेत्रों में बूंदाबांदी दर्ज की गई। विभाग ने कल तक मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 18 सितम्बर से कोटा, उदयपुर और भरतपुर संभाग में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

000

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने कहा है कि सरकार भर्ती परीक्षाओं को लेकर संवेदनशील है। हर परीक्षा को पूरी पारदर्शिता और गंभीरता से सपन्न करवाया जा रहा है। आलोक राज ने आज श्रीगंगानगर जिला परिषद सभागार में आमुखीकरण कार्यशाला में भाग लिया। उन्होंने कहा कि पेपर लीक और परीक्षा में अनुचित साधनों के उपयोग को लेकर सरकार सख्त है और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिये कड़े कदम उठाये जा रहे हैं।

000